# PUBLIC AWARENESS FOR HEALTHFUL APPROACH FOR LIVING (PAHAL)

## Activity Report Year April 2009 – March 10

**Regd. Office**
**L.S. Institute, Nema Place**
**Dr. K K Sharan Lane**
**Exhibition Road, Patna – 800001**
**Tele-fax: 0612-2206964**
**Email: diwakartejaswi@yahoo.com**
**WWW.pahalhealth.org**

Regd. No. 1699 (Under Societies Regd. Act 1860, IG Registration, Bihar)

**Public Awareness for healthful Approach for Living (PAHAL)** is a Patna, Bihar, India based recently registered non – profit organization working towards improving the health of the poorest people in Bihar, through health and developmental programs. We are a newly established multidisciplinary team who has been working in Bihar with expertise in the areas of public health, clinical medicine, health programmes and policy development, rural development and empowerment of the disenfranchised.

The global response to the HIV epidemic has thus far rightly targeted high-prevalence regions of India for the past twenty years. As the epidemic has recently abated, new epicenters have been identified and have emerged for the spread of the virus. Due to the prevalence of several high-risk indicators, including wide-spread poverty, low economic growth, low literacy rates, dense population and high migration, the HIV epidemic is arising in the state of Bihar.

In response to this growing crisis, PAHAL is organizing HIV AIDS awareness camp and programmes along with general health camps in different parts of Bihar by itself and through its network partners. Our AIDS prevention programs effectively build awareness and bring about behavior modification in the at-risk public because they are sensitive to local culture.

Our plan is to cover the following major issues and areas in coming years:

- **Environmental Health:** Prevention and control of water-borne diseases by providing resources for water and sanitation, health and hygiene, education and training of women in the use of Oral Rehydration Therapy (ORT)

- **Maternal and Child Health:** Vaccinations for children and mother, maternal health care including family planning and reproductive health services, and the training of new health care workers.

- **Empowerment of women:** Education and vocational training. Vocational training were added in order to further empower the women and encourage them to assume leadership roles in their community.

- **HIV/AIDS Control and prevention:** Awareness and Intervention programmes for truck drivers and associated workers in transport agencies, adolescent boys and girls, migrant population etc on HIV/AIDS.

- **Adolescent Reproductive Health (ARH):** To improve the demographic and reproductive health status of the community by changing the reproductive and sexual behavior of young adults both married and unmarried in the age group 12-25 years.

- **Hepatitis B Awareness Programme:** To make the community aware about Hepatitis B, through awareness programme.

# Board Members of PAHAL

***President:***

Dr. (Mrs.) Kiran Sharan, MBBS, MD DCH

***Secretary & Medical Director:***

Dr. Diwakar Tejaswi, MBBS, MCH, FCCP, Ph.D

***Treasurer:***

Sri Anand Dwivedi - Senior Bank Officer

***Members:***

Dr. Himanshu Roy, MBBS, MD

Sri Rakesh Dubey - Police Officer

Sri Aviral Sashwat - IT Profesional

Sri Santosh Kumar - Self Business

***Patron:***

Mr. Sandeep Sinha – Director Business Development, Motorola, WA

***Advisors:***


Mr. Raja Kumar – Vice President, MGL Americas Inc., CA, USA

Mr. Vibhakar Yashaswi– B Tech (IIT Delhi), MBA (Florida State University)

Mr. Sudhakar Tapaswi– B Tech (IIT Kanpur), MBA (Melbourne Business School)

# Activity Report (April 2009- March 10)

**<u>Health Checkup Camp at Patna</u>: (5th April 2009)** A free health checkup camp was organized by PAHAL to mark the World Health Week. It was organized at Harinarayan Complex, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL examined the people and gave them medical advised also free medicine.


हिन्दुस्तान सोमवार, 6 अप्रैल, 2009, पटना

**जांच शिविर**

पटना (सं.सू.)। विश्व स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर पहल संस्था द्वारा रविवार को निःशुल्क हृदय जांच, ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर जांच की गयी। शिविर में सैकड़ों लोगों ने जांच कराया। इस मौके पर डा. दिवाकर तेजस्वी, डा. केके शरण, आनंद द्विवेदी, राकेश दुबे, ज्ञानेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, शिव कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

**<u>Free Health Checkup Camp at Patna</u> :(6th June 2009)** Free Body Maas Index (BMI) and Bone Mineral Density (BMD) Check up camp was jointly organized by PAHAL and Rotary Patliputra. Dr K K Sharan, ENT Specialist and Dr Shankarnath, President Rotary Patliputra Club jointly inaugurated the camp. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL examined the people and provided the advices. About 150 persons were examined in the camp.

## <u>Medical Director PAHAL denoted blood to save the life of HIV+ at Patna</u> :(19th June 2009)


प्रभात खबर

पटना | शनिवार | 20 जून | 2009

**चिकित्सक ने एड्स रोगी को किया रक्तदान**

**पटना :** एड्स से पीड़ित वैशाली के रहनेवाले 55 वर्षीय राधेश्याम (काल्पनिक नाम) को राजधानी में एक चिकित्सक (दिवाकर तेजस्वी) ने रक्तदान कर मरीज की जान बचायी. मरीज की स्थिति काफी गंभीर थी. उसे रक्त की तत्काल आवश्यकता थी. रक्त देने के लिए परिवार का कोई सदस्य सामने नहीं आया. ऐसी अवस्था में रोगी का उपचार कर रहे डॉ दिवाकर तेजस्वी ने स्वयं अपना रक्त दान कर रोगी की जान बचायी. उन्हें देख कई लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और तीन से चार माह पर एक बार रक्तदान करने का संकल्प लिया. रक्तदान करने के बाद डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि 18 वर्ष से 55 वर्ष के बीच का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति (जिनका वजन 45 किग्रा से ऊपर हो) तीन माह में रक्तदान कर सकते हैं.

रक्तदान करते डॉ दिवाकर तेजस्वी.

**Free Health Checkup Camp at Patna :(21st June 2009)** About 50 persons were examined at a spyrometary check up camp organized jointly by Rotary Patliputra and PAHAL. Medical Director PAHAL advised the people about Asthma.

**Free Health Checkup Camp on Doctor's Day, Patna :(1st July 2009)** To mark the Doctor's Day a free diabetes, blood pressure and HIV testing camp was organized jointly by Rotary Patliputra and PAHAL. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL examined the patients. About 150 persons were tested.



सन्मार्ग

पटना,गुरुवार 02 जुलाई, 2009

डॉक्टर्स डे पर निः शुल्क जांच

संवाददाता

पटना : डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य पर पब्लिक अवेयरनेश फॉर हेल्थफुल एपरोज फॉर लिविंग एवं रोटरी पाटलिपुत्रा के संयुक्त तत्वावधान में डा. दिवाकर तेजस्वी क्लिनिक में निःशुल्क मधुमेह, रक्तचाप, डायबेटिक न्यूरोपैथी एवं एचआईवी जांच शिविर का आयोजन किया गया. यहां लगभग 150 लोगों की निः शुल्क जांच की गई एवं उन्हें डा. दिवाकर तेजस्वी द्वारा चिकित्सीय सलाह भी दी गई. इस मौके पर डा. तेजस्वी ने बताया कि किडनी डिजीज एवं हृदय रोग का प्रमुख कारण अनियंत्रित मधुमेह तथा उक्त रक्तचाप है. वहीं बेगूसराय का (2001 में) सेवानिवृत्त सेना नायक अनिल सिंह ने बताया कि हेपेटाइटिस बी से ग्रसित और लाचार दर-दर भटक-कर यहां आए और मैं बहुत ठीक हूं.

**Healthy Baby Show to mark the World Breast Feeding Week, Patna :(2nd AUG. 2009)** Healthy Baby Show was organized by PAHAL to mark the world breast feeding week. About 50 children were participated in the show. Dr Kiran Sharan, Pediatrician discussed about the benefit of breast feeding. Medical Director PAHAL, Dr Tejaswi also focused on breast feeding.



हिन्दुस्तान सोमवार, 3 अगस्त, 2009, पटना

हेल्दी बेबी शो आयोजित

पटना (हि.प्र )। विश्व स्तनपान सप्ताह के मौके पर पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग (पहल) ने हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया। शो का उद्घाटन पहल के निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने किया। इस शो में तीन वर्ष तक के 50 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की संयोजिका शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण शरण ने कहा कि स्तनपान बच्चों के स्वास्थ्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। मां का दूध बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्राकृतिक आहार है और यह शिशु को सही तापमान पर उपलब्ध होता है।

बेबी शो के जज के रूप में डॉ.एसपी अम्बष्ठा, डॉ. अविनाश सहाय और डॉ. शंकरनाथ मौजूद थे। हेल्दी बेबी शो में एक वर्ष के ग्रुप में अध्याश्री को प्रथम पुरस्कार मिला जबकि एक से दो वर्ष के ग्रुप में अरुण्या मोहन, दो से तीन साल के ग्रुप में इशान शरण प्रथम स्थान पर रहे। इस मौके पर सुमन कुमार, पवन कुमार, पप्पू कुमार, राज किशोर व शिव कुमार मौजूद थे।

**HIV Awareness and Testing Camp at Transport Nagar, Patna City :(9th Aug. 2009)** HIV/AIDS Awareness and testing camp was organized under the banner of PAHAL at Transport Nagar. Medical Director PAHAL addressed the general public and discussed about the HIV/AIDS.




दैनिक जागरण पटना, 10 अगस्त, 2009

**'बिहार में लगभग 30 हजार एचआईवी संक्रमित'**

पटना सिटी, कार्यालय संवाददाता : पब्लिक अवेयरनेस फार हेल्थफुल एपरोच फार लिविंग (पहल) के बैनर तले रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित निगम पार्किंग क्षेत्र में शिविर लगाकर लोगों की जांच की गयी। एड्स जागरूकता एवं स्वैच्छिक एचआईवी जांच शिविर में लगभग पांच सौ लोगों ने जांच कराने के साथ इससे संबंधित जानकारी हासिल की। पहल के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि विश्व में लगभग चार करोड़ लोग एचआईवी से संक्रमित हैं जबकि अपने देश में यह संख्या 30 लाख के आसपास है। बिहार में लगभग तीस हजार लोग इससे संक्रमित हैं। उन्होंने कहा कि सूबे में यह संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इस पर रोक लगाने के लिये ट्रक ड्राइवरों, वेश्यावृत्ति से जुड़े लोग लम्बे समय तक बाहर रहकर काम करने वाले लोगों के बीच सघन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। इसके साथ ही स्वैच्छिक जांच शिविर के जरिये भी लोगों को जागरूक किया जा सकता है। इस मौके पर निशुल्क कंडोम का वितरण किया गया। पहल की अध्यक्ष किरण शंकर एवं डा. केके शरण ने भी लोगों को जागरूक किया।

**Free Asthma and HIV Testing Camp at Patna :(14th Aug. 2009)** In collaboration with Rotary Patliputra a health checkup camp was organized under the banner of PAHAL. About 327 persons were examined during the camp. Dr Diwakar Tejaswi advised the patients.



HINDUSTAN TIMES, PATNA
SATURDAY, AUGUST 15, 2009

**HIV check up camp**

Rotary Patliputra, in association with PAHAL, organised a free checkup camp for HIV and spirometary (asthma) on Friday. Of the 327 persons examined, 61 tested positive for spirometary. Rotary Patliputra secretary Anand Dwivedi and paediatrician Dr Kiran Sharan jointly inaugurated the camp.

**Free Diabetes and Swine Flu Awareness Camp at Patna :(18th Aug. 2009)** Free diabetes and swine flue awareness camp organized by PAHAL. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL advised the people attended the camp.



सन्मार्ग


पटना, बुधवार, 19 अगस्त, 2009

**स्वाइन फ्लू पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर सम्पन्न**

संवाददाता

पटना : पहल के तत्वावधान में मंगलवार को एक्जीबिशन रोड स्थित डा. दिवाकर तेजस्वी के क्लीनिक में स्वाइन फ्लू पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डा.एसपी अम्बष्ठा, नाक-कान गला रोग विशेषज्ञ डा. केके शरण एवं रोटरी पाटलिपुत्रा के सचिव आनन्द द्विवेदी ने किया. मौके पर डा. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि स्वाइन फ्लू अप्रैल 2009 में पहले रोगी के पता चलने के बाद विश्व समुदाय को पता चला. मालूम हो कि जून 2009 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे अंतरराष्ट्रीय महामारी के रूप में नोटिफिकेशन किया. स्वाईन फ्लू का लक्षण बतलाते हुए डा. तेजस्वी ने बताया कि इसमें सर्दी, खांसी, गले में खरास, बुखार, छींक आना, नाक एवं आंख से पानी आना, मांसपेसियों में दर्द होना तथा उल्टी एवं दस्त होना शामिल है. शिविर में 110 लोगों की निःशुल्क ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई, जिसमें 18 लोगों को मधुमेह का रोगी पाया गया. रोगियों को चिकित्सीय सलाह के साथ-साथ निःशुल्क दवा दी गयी. कार्यक्रम के मौके पर सुमन कुमार, पवन कुमार, किशोर कुमार, मनोज कुमार, पप्पु कुमार व शिव कुमार समेत ढेर लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन शिशु रोग विशेषज्ञ श्रीमती किरण शरण ने किया.

**HIV/AIDS Training Camp at Sparsh Heritage Hospital, Patna :(30th Aug. 2009)** A HIV training programme was organized for the doctors and para medical staff of Sparsh Heritage Hospital. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL was the key resource person.



प्रभात खबर

पटना | मंगलवार | 1 सितंबर | 2009

**एड्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम**

पटना : पहल के तत्वावधान में सोमवार को एक दिवसीय एचआइवी/एड्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मीठापुर स्थित स्पर्श हेरिटेज अस्पताल के चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल स्टाफ के लिए किया गया. इस मौके पर पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी, डॉ विनोद कुमार, सियाराम प्रसाद, कमलेश कुमार व शिव कुमार भी उपस्थित थे.

**<u>Free Health Checkup Camp at Patna</u> :(5th Sep. 2009)** More than 150 persons were examined at a free body mass index and bone mineral density test camp jointly organized by the Inner Wheel Club of Patliputra and PAHAL.
Medical Director of PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi delivered the importance of these tests, especially among women in the 40-plus age-group to people during the camp.



हिन्दुस्तान रविवार, 6 सितम्बर, 2009, पटना

**मोटापा से बचें और रोगों से दूर रहें**

निःशुल्क जांच शिविर में 150 लोगों की हुई जांच

**पटना (हि.प्र)।** पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग (पहल), रोटरी पाटलिपुत्र एवं इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलीपुत्रा ने निःशुल्क मोटापा (बॉडी मॉस इन्डेक्स) व हड्डी की मजबूती (बोन मिनरल डेंसिटी) को लेकर जांच शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि मोटापा असमय मृत्यु का मुख्य कारण है और इससे मधुमेह एवं ब्लडप्रेशर की बीमारी होने की संभावना अधिक रहती है। महिलाओं में रजोनिवृति (मेनोपॉज) के बाद हड्डियों के कमजोर होने की संभावना बढ़ जाती हैं। 40 से अधिक उम्र की महिलाओं को समय-समय पर बीएमडी की जांच करा लेनी चाहिए। शिविर का आयोजन डॉ.हिमांशु राय ने किया। इस मौके पर डॉ.केके शरण, डॉ. शंकर नाथ, रोटरी पाटलिपुत्रा के सचिव आनंद द्विवेदी, इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा की अध्यक्ष श्वेता सिन्हा, सुनीता खेमका आदि मौजूद थीं। शिविर में करीब 150 लोगों की जांच की गई। इनमें45 महिलाओं की हड्डी कमजोर थी और 20 लोग मोटापे के शिकार पाए गए।

**<u>HIV/AIDS Awareness Camp at Digha, Patna</u> :(14th Sep. 2009)** HIV/AIDS Awareness camp was jointly organized by PAHAL and BHORUKA Public Welfare Trust at Bata Factory, Digha. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered a very informative lecture on HIV/AIDS. He pointed out the symptoms, preventions and treatment of HIV/AIDS. About 50 persons attended the programme.


HINDUSTAN TIMES, PATNA
TUESDAY, SEPTEMBER 15, 2009

**AIDS AWARENESS CAMP**

On behalf of PAHAL, an NGO, Dr Diwakar Tejaswi, conducted an HIV/ AIDS awareness camp at Bata Factory, Digha, here on Monday. He presented a power point presentation on symptoms, prevention and treatment of HIV/ AIDS. Government, NGOs and private sector would have to work hand-in-hand to prevent spread of HIV/ AIDS, he added.

**<u>Free Camp for Hearing Impaired, Patna</u>:(29th Sep. 2009)** Late Ladli Sharan Memorial Free Deafness camp was jointly organized by L S Institute and PAHAL. Audiometric test of 150 patients was conducted and 8 of them were given hearing aid. Famous ENT specialist and Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL examined the patients.



i next
Patna, 30 September, 2009

# Free camp for deaf

## ऑपरेशन करेंगे डाक्टर

i next reporter

PATNA (29 Sept) : पहल और एलएस इंच्टीच्यूट ऑफ ईएनटी की ओर से मंगलवार को लाडली शरण की स्मृति में फ्री बहरापन शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का इनॉगरेशन डा नरेंद्र प्रसाद ने किया, जबकि डा केके शरण और डा मनोज कुमार ने शिविर में आए लोगों का चेकअप किया. इस अवसर पर शिविर के कन्वेनर डा दिवाकर तेजस्वी ने इनमें से पांच मरीजों का फ्री ऑपरेशन करने और रहने की व्यवस्था करने की घोषणा की. डा केके शरण ने कहा कि अब तक लगभग 1200 मरीजों का इलाज किया जा चुका है. इस अवसर पर डा किरण शरण, डा आरआर प्रसाद, डा दीपिका तेजस्वी, दिवाक्षी तेजस्वी, डा जयंत किशोर शरण, डा रजनीश शरण, डा श्रीधर प्रसाद अंबस्टा, डा शंकर नाथ आदि मौजूद थे.

कैम्प को एड्रेस करते डॉक्टर.

**HIV/AIDS Awareness Camp at Danapur Military Hospital :(4th Nov 2009)** HIV/AIDS Awareness camp was organized under the banner of PAHAL at Danapur Military Hospital. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director of PAHAL was the key resource person. About 100 army jawans and officers attended the programme. The programme was inaugurated by Jharkhand, Orissa, Bihar Sub Area Commander Brigadier S K Yadav.



हिन्दुस्तान शुक्रवार, 06 नवम्बर, 2009, पटना

सेना के सीआई क्लब में एड्स पर कार्यशाला

# एचआईवी से कोई सुरक्षित नहीं

दानापुर (हि.प्र.)। एचआईवी के घातक संक्रमण से कोई भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। यह बात सेना के सीआई क्लब में एचआईवी (एड्स) पर आयोजित कार्यशाला में पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने गुरुवार को कही। इस मौके पर सैनिक अधिकारी और चिकित्सक मौजूद थे। डॉ. तेजस्वी ने कहा कि वर्दीधारियों में एचआईवी संक्रमण की आशंका अधिक होती है। उन्हें विषम परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। आर्मी में पहली बार एचआईवी संक्रमण का पता 1992 में लगा था, जब विदेश से ड्यूटी कर लौटे सैनिक में संक्रमण पाए गए थे। कहा कि 2004-05 में देश के 12 लाख फौजियों में से छह हजार से ज्यादा फौजी एचआईवी संक्रमित पाए गए थे। विश्व में 40 मिलियन, भारत में 2.5 मिलियन और बिहार में 28 हजार एचआईवी पीड़ित हैं। झारखंड, उड़ीसा व बिहार सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर सुरेश कुमार यादव ने कहा कि जवानों को रोग के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। सैनिक अस्पताल के कमांडिंग अधिकारी कर्नल एसके त्रेहन ने बताया कि सौ जवानों की जांच की गई। मौके पर बीआरसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर पीएस राठी, जेडआरओ के डीडीजी ब्रिगेडियर आरजे शर्मा, कर्नल शैलेन्द्र मल्लिक, मृत्युंजय ठाकुर, राकेश सिंह, सीआरओ ले. कर्नल एसके यादव, अनिवार्य गुप्ता, मेजर अर्चना, अपूर्वा आदि मौजूद थीं।

कार्यशाला को संबोधित करते डा. दिवाकर तेजस्वी

**HIV/AIDS Awareness Camp at Bhooth Nath Rd. Patna:(6th Nov 2009)** HIV/AIDS awareness camp was organized for the students and teachers of Pioneer Lingua Spoken and Call Centre Training center at Bhoothnath Road.

This event was organized under the banner of PAHAL. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered the effective lecture on HIV/AIDS. Students had shown their keen interest to know about the deadly virus. About 100 persons attended the programme.



दैनिक जागरण

शनिवार 7 नवंबर 2009

**शिविर में सौ से अधिक छात्र-छात्राओं की जांच**

पटना सिटी, का. सं. : दि पायनियर लिंगुआ एवं पहल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को भूतनाथ रोड में शिविर का आयोजन कर एसआईवी की जांच की गयी। डा. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि एड्स तेजी से अपने पांव पसार रहा है। इसकी जानकारी ही इस बचाव है। लोगों को समय-समय पर एचआईवी की जांच कराते रहना चाहिए। उन्होंने संक्रमित सुई एवं असुरक्षित यौन संबंध से बचने की सलाह दी। शिविर में लगभग एक सौ छात्र-छात्राओं की निशुल्क जांच की गयी। संचालन एलके प्रभाकर व धन्यवाद ज्ञापन ललित कुमार ने किया। इस मौके पर राजेश राज, आनंद मोहन झा, चित्रकांता, रेणु सिन्हा, निषा, तनिषा, नीरज, पंकज व शिशु पाल मौजूद थे।

**<u>Free Health Checkup Camp at Patna</u> :(7th Nov 2009)** More than 100 persons were examined at a free body mass index, bone mineral density and blood sugar test camp, organized by PAHAL. Medical Director of PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi delivered the importance of these tests, especially BMI and BMD tests among women in the 40-plus age-group during the camp.

**<u>"Swasthya Jagrukta Rath" started by PAHAL:</u> (25th Nov. 2009)** A Swasthya Jagrukta Rath was introduced by PAHAL with a mission to aware the general population about Health and Hygiene at Moinul Haque Stadium on 25th Nov 2009. The Rath was flagged off by Dr Himanshu Roy, Member PAHAL and Shri Anand Dwivedi, Treasurer PAHAL on 25th Nov 2009. On this occasion Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL informed about the purpose of starting "Swasthya Jagrukta Rath". He said that the Jagrukta Rath is aim to spread awareness about - HIV, TB, Hepatitis, Cancer etc. at the adjacent to Patna. This Rath will reach to people living in remote area also. Time to time medical test and checkup camp will be organized in the near villages.

In the first day the Rath went to the Murlichak. A HIV awareness camp was organized and also HIV testing was done. About 25 persons were tested for HIV. No one was found with HIV. A quiz was also organized to encourage the people to have knowledge about HIV/AIDS. Mr Amit was the winner, he got the pen as prize by PAHAL.



दैनिक जागरण | पटना, 26 नवम्बर, 2009

**स्वास्थ्य जागरूकता रथ रवाना**

पटना, निज प्रतिनिधि : पब्लिक अवेयरनेस फार हेल्थफुल एप्रोच फार लिविंग (पहल) ने बुधवार को 'स्वास्थ्य जागरूकता रथ' निकाला। रथ को पहल के हिमांशु राय और आनंद द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयोजक एवं पहल के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य शहरों, सुदूर इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों तथा बस्तियों में रहने वाले लोगों को उनके स्वास्थ्य तथा बिमारियों के प्रति जागरूक बनाना है। रथ आमलोगों के बीच जाकर स्वास्थ्य जीवन एवं विभिन्न बिमारियों जैसे एचआईवी/ एड्स, यक्ष्मा, कैंसर, मधुमेह, हेपेटाइटिस, उच्च रक्तचाप, स्वाइन फ्लू आदि के बारे में बताया जायेगा। समय-समय पर मुफ्त चिकित्सकीय सलाह एवं जांच की व्यवस्था की जायेगी।

महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को भी विशेष प्राथमिकता दी जायेगी। स्वास्थ्य रथ को डा. किरण शरण, डा. केके शरण एवं डा. दीपिका तेजस्वी भी उपस्थित थी। इस अभियान के तहत बुधवार को गौरीचक में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया।

**Voluntary Blood Donation Camp at Dr Tejaswi's Clinic, Patna (30th Nov 2009):** Voluntary blood donation camp was organized under the banner of PAHAL with the support of Red Cross Society, Patna. Dr Diwakar Tejaswi Medical Director of PAHAL, encouraged the people for the voluntary blood donation. He explained the benefit of blood donation. He urged the youth to come forward and save others life. About 40 persons including Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi denoted blood.



सन्मार्ग
पटना, मंगलवार, 1 दिसंबर, 2009

**एड्स दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन**

संवाददाता

**पटना :** पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयेजन डॉ दिवाकर तेजस्वी के क्लिनिक में किया गया. इस अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि 18 से 55 वर्ष के सभी स्वस्थ्य व्यक्तियों को साल में कम से कम एक से दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए. इससे किसी भी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नही होती है तथा इससे सरकारी एवं लाईसेन्सी ब्लड बैंकों में रक्त की कमी नहीं हो होती है. उन्होंने कहा कि कई व्यक्तियों की समय पर रक्त न उपलब्ध हो पाने की वजह से असमय मृत्यू हो जाती है. 18 से 55 वर्ष का कोई व्यक्ति जिनमें हिमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 ग्राम प्रति डेसीलीटर से अधिक है तथा वजन 45 किलोग्राम से उपर है एवं बिमारियों से मुक्त है प्रत्येक 3 से 4 महीने में एक बार रक्तदान कर सकता हे. सिर्फ एक ईकाई रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है. स्वैच्छिक रक्तदान के समय एचआईवी एचबीवी, एचऐवी मलेरिया एवं सिफलिस की जांच निःशुल्क की जाती है. इस शिविर में डॉ दिवाकार तेजस्वी के साथ करीब 40 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया जिनमें पहले के डॉ हिमाशु राय, आनंद द्विवेदी, राकेश दूबे, संतोष कुमार, अजित शाश्वत प्रमुख थे.

डॉ तेजस्वी ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि रक्त बेचना कानूनन एक जुर्म है एवं गैर लाईसेन्सी ब्लड बैंक से ब्लड खरीदना एच आईवी हिपटाईटीस-बी जैसे गंभीर रोगों को बुलावा देना है. इस अवसर पर उन्होंने 2 एड्स रोगियों का जिक्र किया .जिनकों बाजार से खरीदा रक्त चढ़ाने के बाद एचआईवी का संक्रमण हो गया था. डॉ तेजस्वी ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के अवसर पर सारे नवजवानों से अपील की कि 3 से 4 महीने में एक बार रक्त अवश्य करे. कृष्णा निकेतन विद्यालय में सोमवार को विश्व एडस दिवस के पूर्व संध्या पर एडस जागरूकता पर आधारित कई कार्यक्रम विद्यालय के छात्राओं को द्वारा आयोजित की गई. कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज के आर्शीवचनों से हुआ. विद्यालय के छात्राओं के द्वारा एडस के प्रति जागरूकता पर एक लघु नाटक प्रस्तुत की गई. जिसमें आस्था, सृष्टि, दिव्यानि, प्रियांशु, अंजलि अंशु, स्नेहा एवं ग्रुप के द्वारा बेहतरीन अदाकारी की प्रस्तुति की गई. अन्य कई रंगारंग कार्यक्रम जैसे-पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुआ. विधालय परिसर का दृश्य अत्यंत ही मनोरम था. कार्यक्रम का समापन विधालय के सचिव कुमार अरूणोदय के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ

**World AIDS Day (1st Dec 2009):** To mark the World AIDS Day, Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi organized a free HIV/AIDS awareness

and testing camp under the banner of PAHAL at Gai Ghat, Patna. Dr Diwakar Tejaswi addressed the masses and made them aware about the precaution and prevention about HIV/AIDS. About 100 persons were tested for HIV.



राष्ट्रीय सहारा पटना । बुधवार • 2 दिसम्बर • 2009

# एड्स से अनजान हैं ग्रामीण महिलाएं

पटना सिटी (एसएनबी)। विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इस जानलेवा बीमारी के प्रति सचेत किया। एड्स जागरूकता के तहत मंगलवार को प्रभातफेरी भी निकाली गई। इस अवसर पर आरएमआरआई अगमकुआं में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डा. प्रदीप दास ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अभी तक एड्स बीमारी से अनजान हैं। उन्होंने कहा कि इस जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए शिक्षित युवाओं को आगे-आना चाहिए।

उन्होंने गर्भवंती महिलाओं को गर्भावस्था में ही एचआइवी जांच कराने की सलाह दी ताकि नवजात शिशु को इस जानलेवा बीमारी से रक्षा की जा सके। इस अवसर पर सहायक निदेशक डा. विद्यानंद रविदास, डा. पीके सिन्हा, डा. कृष्णा पाण्डेय, संजय चौबे आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन डा. चंद्रशेखर लाल ने किया। एनएमसीएच में एचआइवी/एड्स जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन हुआ। मौके पर एनएमसीएच के अधीक्षक डा. एनपी यादव ने कहा कि अभी तक एड्स का कोई कारगर दवा उपल्बध नहीं है। इसलिए जानकारी, संयम और सावधानी से ही इस बीमारी से बचाव हो सकता है। उपाधीक्षक डा. संतोष कुमार, इएनटी के डा. चंद्रशेखर, डा. राकेश कुमार, संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। राजकीय उच्च विद्यालय के तत्वावधान में प्रभात फेरी निकाली गई जो जहाजी कोठी, हरिमंदिर गली होते हुए विद्यालय में पहुंच कर गोष्ठी में तब्दील हो गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी नारायण सिंह ने कहा कि एड्स असावधानी एवं जानकारी के अभाव में एड्स रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। शिक्षक राजेश्वर राय ने कहा कि एड्स पाश्चात्य सभ्यता से ऊपजी बीमारी है जो अपने देश में भी पांव पसार चुकी है। इस बीमारी से बचने के लिए लोगों को भारतीय सभ्यता-संस्कृति के अनुरूप जीना और संयमित जीवन यापन करना होगा। प्रभातफेरी का नेतृत्व संयोजक नवल किशोर शर्मा एवं राजेश्वर शर्मा ने किया। उधर किड्स एण्ड किड्स विद्यालय में बच्चों ने स्लोगन, भाषण एवं चित्रांकन द्वारा

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

एड्स के भयावता को दर्शाया। इन विषयों पर बच्चों के बीच प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। प्रतियोगिता मे विजयी प्रतिभागी प्रिंस राज, जागृति तिवारी, प्रज्ञा पाण्डेय, श्रेया कक्कर को राजेश दीवान ने पुरस्कृत किया। संगठन पहल ने इस अवसर पर एड्स जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर पहल के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी ने लोगों को एड्स बीमारी के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि देश की लगभग 2.3 मिलियन आवादी एचआईवी से ग्रस्त है लेकिन इसमें आधे लोगों को यह पता है कि वे इस रोग से ग्रस्त हैं। इस अवसर पर करीब 100 लोगों का एचआइवी जांच भी किया गया। मौके पर पवन कुमार, शिव कुमार, पप्पू कुमार, मनोज कुमार, निलाभ, कृष्ण सहित अन्य लोग उपस्थित थे। अग्रगामी असंगठित मजदूर यूनियन द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज से एड्स जागरुकता सप्ताह कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में मजदूरों को इस बीमारी से बचने के उपाय बताए जाएंगे। इस अवसर पर अनिल शर्मा, बलिराम विश्वकर्मा, अशोक दास, मोहन पासवान, चंद्रेश्वर पासवान, संजय शर्मा, जयंती गोप बाल्कीकि माहुरी, प्रेमकुमार शर्मा, गणेश मिस्त्री, शंकर शर्मा, रामबाबू सहित सैकड़ों अप्रवासी मजदूरों ने भाग लिया। प्रेम युथ फाउंडेशन ने एड्स की रोकथाम में युवाओं की भूमिका विषयक कार्यशाला आयोजित की गई। मौके पर डा. शिवशंकर झा ने कहा कि एड्स से बचाव के लिए ब्रहमचर्य जीवन पालन के साथ' असुरिक्षत यौन सबंध से बचना चाहिए। अजय यादव, शास्त्री कात्यान, देवानंद कुमार, प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। इनर व्हील ऑफ पटना सिटी ने गली-मोहल्लों में जाकर एड्स जागरूकता के लिए पर्चा बांटा। अध्यक्ष नीलम केसरी, सरोज जायसवाल, ज्योति राठी, रश्मि अरोड़ा, पूनम, सीमा, कविता, संगीता आदि ने इसमें भाग लिया।

एड्स दिवस : एड्स की जांच करते चिकित्सक। फ़ोटो : एसएनबी

**HIV/AIDS Awareness and Testing Programme at Rajkiya Vidyalaya, Beldarichak, Patna (4th Dec 2009)** PAHAL organized a HIV/AIDS and Testing Programme at Rajkiya Vidyalaya. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL delivered the lecture on HIV/AIDS. About 80 persons were tested for HIV.

**Health Awareness Programme at Pustak Mela, Patna: (6th Dec 2009)**: Medical Director, PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi has organized a health

awareness camp at the Hindustan stall, Pustak Mela, Gandhi Maidan Patna. He is committed to make more and more people aware about health and specially HIV/AIDS. People from different areas attended the camp and also got the free advice regarding their health issues.



'हिन्दुस्तान' के स्टाल पर लोगों को स्वास्थ्य की जानकारी देते डॉ. दिवाकर तेजस्वी

**<u>HIV/AIDS Training Programme for OT Asst.at Nalanda Open University, Patna: (8th Dec 2009)</u>**: Under the banner of PAHAL, HIV/AIDS training programme was organized for the OT Asst. and nursing staff. Medical Director delivered the lecture on Post Exposure Prophylaxis and Universal Works Precaution. About 50 persons attended the training.



दैनिक जागरण पटना, 9 दिसम्बर, 2009

**नर्सिंग प्रशिक्षुओं को एड्स से बचाव का प्रशिक्षण**

**पटना :** नालंदा खुला विवि के पचास ओटी असिस्टेंट एवं नर्सिंग प्रशिक्षुओं को मंगलवार को आलोक नर्सिंग होम में प्रसिद्ध चिकित्सक व पब्लिक अवेयरनेस फार हेल्थफुल एप्रोच फार लिविंग के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी द्वारा एचआईवी / एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने प्रशिक्षुओं को यूनिर्वशल वर्कस पीकाउसन एचआईवी / एड्स के संक्रमण से बचाव के बारे में बताया गया। डा. तेजस्वी ने गाउन, टोपी, चश्मा आदि के महत्व के साथ- साथ सीरिंज के निरजीवीकरण की विधियों को भी बताया। उन्होंने ने कहा कि एचआईवी संक्रमित सूई के गलती से चूभने के बाद भी संक्रमित होने का खतरा काफी कम रहता है। औसतन एक हजार में महज तीन व्यक्तिओं को ही संक्रमण होता है। संक्रमित सूई चूभने के छह घंटे के भीतर पोस्ट एक्सपोजर प्रोफाईलेक्सीस दवाओं का सेवन 28 दिनों तक नियमित रूप से करने से संक्रमण का खतरा अस्सी फीसदी कम हो जाता है।

**<u>Mouth Cancer Prevention and "Gutka Swaha" Programme at Patna: (9th Dec 2009)</u>**: Under the banner of PAHAL, R K Memorial Mouth Cancer Prevention and Gutka Swaha programme was organized at L. S. Institute at Exhibition Road. It was organized to make the people aware about the danger of tobacco. Programme was inaugurated by Ex Seceretary General of Asia Pacific Telecommunity Sri Amrendra Narayan. Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi addressed the people and made them

aware about mouth cancer and also asked them to come forward to make strong commitment themselves not to chew tobacco in future. People participated in “Gutka swaha” and burnt the tobacco.



प्रभात खबर

पटना, गुरुवार, 10 दिसंबर, 2009

# भारत में प्रतिदिन दो हजार मौत तंबाकू से

पटना : भारत में प्रतिदिन दो हजार मौत तंबाकू से होती है. बिहार में 67 प्रतिशत पुरुष और आठ प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में तंबाकू का प्रयोग करते हैं . उक्त बातें डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बुधवार को पहल द्वारा आरके मेमोरियल में आयोजित मुख कैंसर प्रीवेंशन एवं गुटखा स्वाहा विषय पर कार्यक्रम में

■ **मुख कैंसर की रोकथाम व गुटखा स्वाहा विषय पर कार्यक्रम**

कहीं. उन्होंने बताया कि बिहार में बीड़ी या सिगरेट पीने वाली जनसंख्या में पुरुषों का हिस्सा 29 फीसदी एवं महिलाओं का 4.9 प्रतिशत है. राज्य में 34.9 प्रतिशत पुरुष शराब का प्रयोग करते हैं जबकि महिलाओं का प्रतिशत नौ फीसदी है. कार्यक्रम का उद्घाटन एशिया पेसिफिक टेलीकम्युनिटी के पूर्व सेक्रटरी जनरल अमरेंद्र नारायण ने किया . डॉ केके शरण ने बताया कि मुंह के कैंसर में भारत विश्व भर में अग्रणी है और इसका मुख्य कारण तंबाकू का सेवन है. उन्होंने तंबाकू छोड़ने की अपील युवाओं से की. डॉ कि रण शरण ने बताया कि गर्भावस्था एवं सामान्य स्थिति में बिहार में महिलाओं द्वारा तंबाकू के सेवन में कोई अंतर नहीं पाया गया है. पान मसाला, गुटखा, तंबाकू के विरोध में गुटखा स्वाहा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. इस अवसर पर पीएमसीएच के पूर्व अधीक्षक डॉ आरआर प्रसाद , डॉ एसपी अंबष्ठा, प्रो. नलीनी रंजन कुमार, श्री रजनीश शरण ने भी अपने विचार प्रकट किये.

कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ दिवाकर तेजस्वी.

**Press Conference: (24th Jan 2010)**: Returning back after attending HIV/AIDS conference at CDC Atlanta, Dr Diwakar Tejaswi called a press conference to share his experience and discuss the current scenario of HIV/AIDS in the world. It was organized under the banner of PAHAL.



प्रभात खबर

पटना, सोमवार, 25 जनवरी, 2010

संवाददाताओं को संबोधित करते डॉ दिवाकर तेजस्वी व अन्य.

# बर्लिन मैन ने दिखाया एड्स से मुक्ति का रास्ता

पटना : बर्लिन मैन ने मेडिकल साइंस को एक नया रास्ता दिखाया कि किस तरह से एड्स के मरीज भी रोग से पूरी तरह से मुक्ति पा सकते हैं.

उक्त बातें डॉ दिवाकर तेजस्वी ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहीं. सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, अटलांटा में एचआइवी/एड्स पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेने के बाद भारत पहुंचे डॉ तेजस्वी ने बताया कि अमेरिका में कार्य कर रहे 40 वर्षीय बर्लिन मैन को एड्स और ब्लड कैंसर की शिकायत थी. ब्लड कैंसर का इलाज करने के लिए बोन मैरो का ट्रांसप्लांटेशन किया गया. 2006 में हुए इस ऑपरेशन के बाद भी बर्लिन मैन के शरीर में एचआइवी के वायरस नहीं पाये गये हैं. उन्होंने बताया कि बर्लिन मैन विश्व का पहला एड्स से मुक्त होने वाला रोगी है. तेजस्वी ने बताया कि सीसीआर फाइव की रिसेप्टर ब्लोकर दवाई बाजार में आ गयी है, जिसे एचआइवी से संक्रमित लोगों पर रिसर्च किया जा रहा है. इससे एड्स के इलाज को लेकर उम्मीद की किरण जाग उठी है.

इस अवसर पर पहल के डॉ हिमांशु राय, आनंद द्विवेदी व रजनीश शरण नंदनी ने डॉ दिवाकर तेजस्वी के अमेरिका प्रवास [illegible] अत्यंत सफल बताया एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार एवं भारत के नाम की प्रतिष्ठा दिलाने के लिए उन्हें बधाई दी.

■ **अटलांटा में एचआइवी/एड्स पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेकर लौटे डॉ तेजस्वी**

**Free Diabetes Detection Camp at Patna (7th Feb 2010)**: Free diabetes, BMD, BMI, BP detection camp was organized jointly by Rotary Patliputra and

PAHAL. About 75 persons were checked in the camp. Medical Director PAHAL , Dr Diwakar Tejaswi examined the patients.




दैनिक जागरण पटना, 8 फरवरी, 2010

**नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

पटना : रोटरी पाटलिपुत्रा एवं पहल के तत्वाधान में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन रोटरी अध्यक्ष डा. रीता दयाल, सचिव आनंद त्रिवेदी एवं पहल के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मोटापा एवं मधुमेह की जांच की गई। डा. दिवाकर ने मधुमेह रोगियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए खानपान पर ध्यान देने की बात कही तो डा. रीता दयाल ने गर्भावस्था के दौरान मधुमेह से होने वाली समस्याओं व निदान की चर्चा की। आनंद त्रिवेदी ने कहा कि दवाओं के सेवन से इसके खतरों से बचा जा सकता है।

**<u>Free HIV/AIDS Awareness and Testing Camp at Dhanarua (13th Feb 2010)</u>**: HIV/Awareness and Testing camp was organized under the banner of PAHAL. Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi made the people aware about HIV/AIDS. About 100 persons were tested for HIV.



प्रभात खबर

पटना, रविवार, 14 फरवरी, 2010

**टीबी की आशंका**

पटना : पहल के तत्वावधान में एचआइवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम धनरूआ में किया गया. पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने लोगों को एड्स के लक्षण व बचाव की जानकारी दी . उन्होंने बताया कि एचआइवी से ग्रसित लोगों को टीबी होने की आशंका अधिक होती है. इस अवसर पर कैंप भी लगाया गया . सौ लोगों की नि:शुल्क एचआइवी की जांच की गयी.

**<u>Training Programme on HIV and TB for OT Asst. of Nalanda Open University, Patna (16th Feb 2010)</u>**: Under the banner of PAHAL a training programme was organized for OT Asst and nursing staff of Nalanda Open University. Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi delivered lecture on related topic.



प्रभात खबर

पटना, बुधवार, 17 फरवरी, 2010

**40 फीसदी लोग टीबी के कीटाणु से संक्रमित**

पटना : नालंदा ओपेन यूनिवर्सिटी एवं नर्सिंग प्रशिक्षुओं को पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने एड्स एवं टीबी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बिहार के 40 फीसदी से अधिक लोग टीबी के कीटाणु से संक्रमित हैं. दो से तीन फीसदी लोगों को टीबी है. उन्होंने यूनिवर्सल वर्कर्स प्रीकॉसन द्वारा एचआइवी/एड्स के संक्रमण एवं बचाव के बारे में भी बताया. डॉ तेजस्वी ने गाउन, टोपी, चश्मा, दस्ताना आदि के साथ-साथ सूई व सीरिंज के निरजीवीकरण की विधियों को भी बताया. उन्होंने बताया कि टीबी के रोगियों को नियमित रूप से कम-से-कम नौ महीने तक की दवा लेने की आवश्यकता पड़ती है एवं यदि एड्स का भी संक्रमण साथ में होता है, तो टीबी व एचआइवी के विशेष दवाओं के सेवन की जरूरत पड़ती है.

**<u>HIV/AIDS Awareness and Testing Camp at Gai Ghat, Patna City (19th Feb 2010)</u>**: Under the banner of PAHAL  HIV/AIDS Awareness and Testing Programme was organized near Gai Ghat, Patna City. Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi examined the patients. About 100 persons were tested for the HIV.



राष्ट्रीय सहारा पटना । शनिवार • 20 फरवरी • 2010

# एड्स के खतरे के प्रति जागरूकता जरूरी

पटना सिटी (एसएनबी)। राज्य में अठ्ठाई हजार से अधिक की आवादी एचआईवी से संक्रमित एवं साढ़े चार हजार से अधिक लोग एड्स के मरीज है। यह जानकारी शुक्रवार को गायघाट में आयोजित एड्स जागरूकता शिविर में संस्था पहल के निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी ने दी। उन्होंने कहा कि एचआईवी ग्रस्त लोगों को टीबी होने का खतरा अधिक रहता है। राज्य में 70 प्रतिशत ऐसे लोग है जो टीबी एवं एचआईवी दोनों से ग्रस्त हैं।

साथ ही 2.3 मिलियन एचआईवी ग्रस्त लोगों में आधे लोगों को ही इस बीमारी की जानकारी है। इस कारण एड्स के बारे में लोगों को जानकारी देने एवं जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। उन्होंने दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी व काम करने वालों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए बाहर से आने के बाद एचआईवी टेस्ट कराने को भी कहा। उन्होंने कहा कि यह बीमारी उन्मुक्त यौन संबंध एवं एचआईवी ग्रस्त खून लेने से अधिक फैलता है, जिस कारण सावधानी बरतना जरूरी है। जानकारी ही इस बीमारी का बचाव है। लोगों को सुरक्षित यौन संबंध स्थापित करना चाहिए। ताकि इस जानलेवा रोग के शिकंजे में फंसेने से बच सकें। इस अवसर पर 100 लोगों की एचआईवी जांच किया गया। कार्यक्रम में पवन कुमार, मनोज कुमार एवं ज्ञानेश उपस्थित थे। शिविर में लोगों के बीच मुफ्त कंडोम वितरित किए गए।

**शिविर में सौ से ज्यादा लोगों की हुई जांच**

*स्वास्थ्य ही धन है* : शिविर में लोगों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : एसएनबी

**<u>Workshop on Healhty Life, Patna (2nd March 2010)</u>**: Under the banner of PAHAL a workshop was organized at Sahitya Sammelan Hall, Patna. The main objective was to organized the workshop – " How to prolong healthy life". In this workshop distinguished persons were participated- Dr Narendra Prasad Eminent surgeon of Bihar, Dr Naresh Kumar Sinha, Telecommunication Eng. and Former President Mac Master University, Canada,   Dr Surya Bhushan Prasad, Ex. Principal and Dean Patna Medical College,  Dr K K Sharan, ENT Specialist. And Dr Mrs Kiran Ghai, MLC was the chief guest of the workshop. The Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi coordinated the workshop.



हिन्दुस्तान पटना, बुधवार, 03 मार्च, 2010

# संयमित जीवन से ही लंबी उम्र

**पटना**। अगर आप सौ वर्ष की आयु तक जीना चाहते हैं, तो आपको संयमित जीवन जीना होगा। यह विचार 'पहल' की ओर से आयोजित संगोष्ठी में उभर कर आया। मुख्य वक्ता टेली कम्युनिकेशन इंजीनियर और कनाडा के मैक मास्टर यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष डा. नरेश कुमार ने कहा कि संक्रामक रोग, आकस्मिक दुर्घटना, समय-समय पर फैलने वाले वायरस रोग और कैंसर की बीमारियों को छोड़ दिया जाए तो संयमित जीवन कई परेशानियों को दूर कर सकता है। संयमित जीवन से हम 90 से 100 वर्ष तक की आयु प्राप्त कर सकते हैं। योग और व्यायाम हमें शतायु बनने में हमारी मदद कर सकते हैं।

पटना मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. सूर्यभूषण प्रसाद ने कहा कि अगर सही समय पर किसी बीमारी की रोक-थाम कर ली जाए तो मनुष्य अपने लगातार स्वस्थ रख सकता है। डा. नरेन्द्र प्रसाद ने हम सार्थक, संयमित और सक्रिय जीवनशैली किस तरह जी सकते हैं। डा. केके शरण ने मुंह के कैंसर की चर्चा की और बताया कि पूरी दुनिया में मुंह के कैंसर के सबसे ज्यादा रोगी भारत में हैं। विधान पार्षद किरण घई ने कहा कि हमें स्वस्थ जीवन जीने वाले बुजुर्गों के अनुभवों का लाभ उठाना चाहिए। संगोष्ठी को पहल के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी, डा. किरण शरण, लीना मिश्रा और आनन्द द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे।

**<u>International Women's Day, Patna (8th March 2010):</u>** PAHAL celebrated International Women's Day by honouring widows living with HIV/AIDS for their positive contribution in the society. They faced the odds of the society but

struggled to keep themselves alive and are contributing positively by providing help to women who are living with HIV/AIDS. In this occasion President of Bihar Network Positive People Living with HIV/AIDS (BNP Plus) Mr Gayan Ranjan, President of PAHAL Dr Mrs. Kiran Sharan and Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi were present.



राष्ट्रीय सहारा पटना । मंगलवार • 9 मार्च • 2010

**एड्स के प्रति महिलाओं को जागरूक करने की जरूरत : डा. तेजस्वी**

**पटना (एसएनबी)।** विश्व महिला दिवस पर सोमवार को पहल के चिकित्सका निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि राज्य तथा देश में चालीस फीसदी महिलाएं एड्स की चपेट में हैं। इसका प्रकोप महिलाओं में तेजी से पसर रहा है। इन महिलाओं को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस पर अंकुश लगाना आवश्यक है। इसके लिए महिलाओं को जागरूक करना होगा।

पहल तथा बीएनपी प्लस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एचआईवी संक्रमित महिला के सम्मान समारोह में बीएमपी प्लस के अध्यक्ष ज्ञान रंजन ने बताया कि रीता कुमारी तथा लीला देवी समाज में एड्स पीड़ित महिलाओं को सहायता कर रही है। कार्यक्रम में डा.किरण शरण, डा.केके शरण, पहल के आनंद द्विवेदी, अमरजीत सिन्हा, पवन कुमार, सुमन कुमार, मनोज कुमार, शिव कुमार, शिवाजी सहित अन्य उपस्थित थे।

**<u>Free Health Checkup Camp on International Kidney Day, Patna (11th March 2010):</u>** To mark the International Kidney Day PAHAL organized a free kidney and health checkup camp at L S Institute, Exhibition Road. About 80 persons were examined. Free advice and medicine were also provided to the patients. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL made the people aware about the kidney related diseases.



सन्मार्ग
पटना, शुक्रवार, 12 मार्च, 2010

**किडनी दिवस पर गरीब मरीजों को मुफ्त दवा**

संवाददाता

**पटना :** पब्लिक अवेयरनेस फांर हेल्थफुल एपरोय फांर लिविंग के तत्वाधान में निःशुल्क किडनी जांच शिविर का आयोजन किया गया. यह आयोजन एक्जीविशन रोड स्थित डा. दिवाकर तेजस्वी के क्लिनिक में किया गया था. इस अवसर पर डा. तेजस्वी का विशेष रूप से कहना था कि जो लोग डायविटीज के मरीज है, उन्हें अपने ब्लड प्रेशर की नियमित रूप से जांच कराते रहना चाहिए. यदि अनका रक्तचाप 130/80 से ज्यादा बढ़ जाता है, तो इससे किडनी डिजीज की संभावना बढ़ जाती है. भारत जैसे देश में किडनी के डिजीज के बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण कारण डायबिटिज का अनियंत्रित होना ही है. उनके अनुसार बुढे लोगों में प्रोस्टेट ग्रंथि के बढने की सभावना सबसे अधिक होती है, जिससे पेशाब करने में बाधा होने लगती है. यदि समय रहते प्रोस्टेट ग्रंथि का इलाज नहीं कराने पर किड्नी के बिगड़ने की संभावना ज्यादा रहती है. जिस कारण कभी कभी किडनी ट्रांसप्लांट कराने की भी जरूरत पड़ जाती है. इस समय देश भर में 4 करोड़ से भी अधिक लोग डायबिटिज के मरीज है जोकि दुनिया भर के डायबिटीज के मरीजों की कुल संख्या का 40 प्रतिशत है. ऐसे में जागरूकता ही एकमात्र बचाव है, जो कि डायबिटीज के मरीजों को किडनी, हदय आघात एवं आंख से संबंधित बिमारियों से बचाता है. डा. तेजस्वी का कहना था कि लोगों का लगातार शारीरिक श्रम से बचते रहना भी उन्हें इस बिमारी का शिकार बनाता है. जब लोगों की ज्यादा प्यास और पेशाब लगें, आंखों की रोशनी लगातार कम होने लगे, मुंह हमेशा सुखने लगे या कोई घाव जल्द न भर पाता हो, तो ऐसे में उन्हें योग्य चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए एवं ब्लड शुगर की जांच करा लेनी चाहिए. इस स्वास्थ्य शिविर में डा. दिवाकर तेजस्वी के साथ-साथ डा. केके शरण डा.किरण ने रोगियों का इलाज किया. शिविर में 80 लोगों का मिकराल टेस्ट एवं अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा गरीब मरीजों को मुप्त दवा भी दी गई.

यदि आपका रक्तचाप 130/80 से ज्यादा बढ़ जाता है, तो इससे किडनी डिजीज की संभावना बढ़ जाती है.

**<u>Free Health Checkup Camp, Patna (17th March 2010):</u>** PAHAL organized a free health and asthma checkup camp. About 50 persons were examined for the asthma. Medical Director PAHAL examined and advised the patients.

जागृति टाइम्स

पटना, गुरुवार, 18 मार्च, 2010

## स्पाइरोगेटरी जांच शिविर



पटना : पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल)के द्वारा आज 17 मार्च 2010 को निःशुल्क कम्प्यूटराईड फेफड़ा जांच शिविर (स्पाइरोगेअरी जांच शिविर) का आयोजन प्रसिद्ध फिजिशियन एवं चिकित्सा नितेदशक ''पहल'', डा. दिवाकर तेजस्वी के क्लिनिक एक्जीविशन रोड, पटना में किया गया. इस जांच शिविर में लगभग 50 लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. इस अवसर पर डा. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि भारत में अस्थामा से करीब 2 करोड़ वयस्क एवं बच्चे प्रभावित हैं तथा प्रतिवर्ष 10 लाख नए अस्थमा रेगियों की संख्या बढ़ रही है. इसमें दमफुल्ली की शिकायत होती है तथा व्यक्ति अपनी दैनिक क्रिया में भी परेशानी महसूस करता है. भारत में करीब 1 करोड़ 40 लाख अस्थमा रोगी अभी अपनपे अस्थमापर अपेक्षित नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं. डा. दिवाकर तेजस्वी ने विशेष रूप से बताया कि यदि अस्थमा की शिकायत होती है तो इंहेलर थेरेपी से तत्काल आराम होता है तथा कौरटिकोस्टीराइड लंबे सेवन से हड्डी कमजोर होने वाली बीमारी ओस्टियापोरोसिस एवं मोटापे की भी संभावना नहीं होती है. डा. तेजस्वी ने बताया कि सीओपीडी नामक बीमारी के लक्षण ज्यादातर उन लोगों में पाया गया है जिनकी उम्र 40 पार कर गयी हो और जो लगातार 20 वर्ष या इससे भी ज्यादा समय से धूम्रपान करते आ रहे हैं. मरीजों को औडियों भिजुअल के सहयोग से दमफुल्ली पर नियंत्रण रखने के तरीके भी बताये गये. इस अवसर पर डा. के.के.शरण, डा. दीपिका तेजस्वी, आनन्द द्विवेदी, डा. हिमांशु राय, डा. सारिका राय सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना यथासंभव सहयोग प्रदान किया.

**<u>World TB Day: Nukkad Natak at Kamla Nehru Nagar Patna (24th March 2010):</u>** To mark the World TB Day, PAHAL organized a Nukkad Natak to make the people aware about danger of TB and to protect yourself from this disease. Medical Director PAHAL Dr Diwakar Tejaswi addressed the people and provided them medical advice to protect themselves from diseases.

सन्मार्ग

पटना, गुरुवार, 25 मार्च, 2010

## बिहार के 80 फीसदी लोग टीबी के कीटाणु से संक्रमित

संवाददाता

पटना : विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर पब्लिक अवेयरनेस फोर हेल्थफुल एपरोच फार लिभिंग के द्वारा टीबी के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन स्थानीय कमला नेहरू नगर स्लम में किया गया.
इस अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि बिहार की जनसंख्या में 40 प्रतिशत से अधिक लोग टीबी रोग के कीटाणु से सक्रंमित है एवं करीब 2 से 3 प्रतिशत लोगों में टीबी की बीमारी है टीबी के रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा होती जा रही है. प्रत्येक वर्ष करीब 11 लाख लोग टीबी की चपेट मे आते जा रहें है और उनमें से 85 फीसदी के करीब लोगों को फेफड़ की टीबी हुई है, बाकी 15 प्रतिशत लोगों को पेट का टीबी हड्डीयों में टीबी,

**■ विश्व यक्ष्मा दिवस पर नुक्कड़ नाटक**

जोड़ो का टीबी, मस्तिक का टीबी तथा आंखों का टीबी इत्यादि शामिल है.

डा. तेजस्वी ने बताया कि एच.आई.वी. के संक्रमण के बाद टी.बी. होने ककी आशंका बहुत तेजी से बढ़ जाती है और बिहार में 75 प्रतिशत से अधिक एच.आई.वी. एड्स के रोगियों में टी.बी.की बीमारी देखी जा रही है. टी.बी.के फैलाव पर कारगर ढ़ग से अविलम्ब अंकुश लगाने की आवश्यकता है.
इस अवसर पर डा. के.के.शरण, डा. श्रीमति किरण शरण, डा. हिमाशु राय आनंद द्विवेदी एवं कला जागरण के रोहित कुमार, निदान संस्था की बिन्दु सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

**Hasya Kavi Sammelan, Patna (23rd March 2010):** Laughing has a great positive impact on health. To have this quote in mind, a Hasya Kavi Sammelan was organized under the banner of PAHAL at Krishna Memorial Hall at Patna. The Kavi Sammelan was duly inaugurated by honorable Deputy C.M Sri Sushil Modi. The guests of honor present on the occasion were PHED Minister Sri Ashwini Choubey and Health Minister Sri Nand Kishore Yadav. Famous Kavi from different places of India entertained the gathering. On this occasion Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL said that laughter is a great medicine of good health

दैनिक जागरण पटना, 24 मार्च, 2010

## हास्य कवि सम्मेलन ने खूब हंसाया

**पटना, कासं :** स्वस्थ रहने के लिए जीवन में हास्य बहुत जरूरी है। आज जीवन से हास्य गायब होता जा रहा है। हास्य कवि सम्मेलनों के माध्यम से हमें हंसने का मौका मिलता है। यह मानना है सूबे के उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का। वे मंगलवार को स्थानीय एस.के.मेमोरियल हाल में 'पहल' की तरफ से आयोजित हास्य कवि सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। कवि सम्मेलन में आये कवियों के हंसगुल्लों पर देर रात तक हाल में बैठे श्रोता लोटपोट होते रहे। सतना के अशोक सुन्दरानी ने अपनी कविता में जूते की व्यथा प्रस्तुत की। भाव था



कि भगवान राम की खड़ाऊ रखकर 14 वर्षों तक अयोध्या में शासन चलाया गया। आशिकों पर जूते चले, तब तक को ठीक था, लेकिन नेताओं पर फेंके जाने पर जूता भी दुखी हो गया। सम्मेलन की अध्यक्षता गाजियाबाद के डा. कुमार विश्वास कर रहे थे। उनके अतिरिक्त देवबंद के नवाज देवबंदी, दिल्ली के आशीष अनल, मुम्बई के दिनेश बावरा व नवनीत हुल्लर, आगरा की ममता शर्मा ने भी श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत संयोजक आनंद द्विवेदी ने किया। मौके पर पीएचईडी मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, कला, संस्कृति मंत्री रेणु देवी, सहकारिता मंत्री गिरिराज सिंह, विधान पार्षद गंगा प्रसाद, भूमिपाल, वीरकेश्वर सिंह, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप दूबे, आईपीएस राज्यवर्द्धन शर्मा, डा. दिवाकर तेजस्वी आदि मौजूद थे।